>

Title: Need to develop Navlakhi port of Gujarat.

श्री मोहनभाई कुंदरिया (राजकोट): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान सौराष्ट्र क्षेत्र के मोरबी-राजकोट-सापरवेरावड़ी इंडस्ट्रियल एरिया की लंबित मांगों की ओर दिलाना चाहता हूँ । महोदय, मैं नवलखी पोर्ट को डेवलप करने का अनुरोध करना चाहता हूँ । इस इंडस्ट्रियल एरिया में ऑटोमोबाइल्स, ज्वैलरी, टाइल्स, घड़ियां और फूड प्रोसैसिंग के निर्माण कार्य होते हैं । मोरबी-राजकोट-सापरवेरावड़ी इंडस्ट्रियल क्षेत्र में पूरे देश-विदेश के 25 हजार करोड़ रुपये का बिजनस किया जाता है और लगभग पांच सौ टन का करोबार पोर्ट से होता है । मोरबी-राजकोट-सापरवेरावडी लगभग 250 किलोमीटर की दूरी है, जिससे धन एवं समय आदि संपदा का काफी नुकसान होता है । मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि नवलखी पोर्ट को डेवलप करने के मामले में हस्तक्षेप करें । नवलखी क्षेत्र मोरबी से मात्र 45 किलोमीटर और राजकोट-सापरवेरावडी केवल 100 किलोमीटर दूर हैं, जिससे कंटेनर को देश-विदेश में भेजने में आसानी होगी और उनकी मात्रा में भी बढ़ोत्तरी होगी । यह देश की प्रगति में सहायक सिद्ध होगी । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मोरबी-राजकोट-सापरवेड़ा इंडस्ट्रीज़ की लंबित मांगों को पूरा करने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष : श्री नकुल कमल नाथ – उपस्थित नहीं ।

श्री एच. वसंतकुमार – उपस्थित नहीं ।

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित – उपस्थित नहीं ।

कुंवर दानिश अली ।